प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 28.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित, करीब 10 हजार नवनियुक्त कर्मियों को मुख्यमंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के समन की अवहेलना करने के मामले में आज एमपी–एमएलए की विशेष कोर्ट में होगी सुनवाई, हाईकोर्ट ने सोरेन की अंतरिम राहत कर दी है समाप्त।**
3. **केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम देव दत्त धनबाद के दो दिवसीय दौरे पर, अपने प्रवास के दूसरे दिन आज वे झरिया मास्टर प्लान की प्रगति का ले रहे हैं जायजा।**
4. **लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता पद्मभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने फोन पर ली उनकी सेहत की जानकारी।**
5. **यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों को निर्धारित समय पर परीक्षाएं कराने और डिग्रियां तथा प्रमाणपत्र जारी करने के दिए निर्देश, नियमों का पालन न करने की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी।**

****

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पार्ट –2 के कार्यकाल का आज एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विभिन्न विभागों में नवनियुक्त करीब 10 हजार कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं। मौके पर राज्य के सभी मंत्री मौजूद हैं। इस दौरान श्रम एवं नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी के समन की अवहेलना करने के मामले में आज एमपी–एमएलए कोर्ट में सुनवाई होगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम राहत को झारखंड हाई कोर्ट ने समाप्त कर दिया था। श्री सोरेन ने इस मामले में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह किया है।

****

केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम देव दत्त धनबाद में दो दिवसीय दौरे पर हैं। यह उनका बीसीसीएल का पहला दौरा है। अपने प्रवास के दूसरे दिन आज वे एमएसडीआइ श्री, उत्क्रमित मध्य विद्यालय और कर्माटांड़ कॉलोनी का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे पुनर्वासित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा, वे बेलगड़िया पुनर्वास स्थल और जेएमपी साइट का भी निरीक्षण करेंगे, जहां वे कॉलोनी निवासियों से बातचीत करेंगे। श्री दत्त बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में जेआरडीए, बीसीसीएल और जिला प्रशासन के साथ बैठक कर जेएमपी की वर्तमान स्थिति, पुनर्वास प्रगति, फंड उपयोग और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कर्नाटक और गोवा के दौरे पर हैं। सबसे पहले वे कर्नाटक के उडुपी में श्री कृष्ण मठ में लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान करीब एक लाख लोगों ने एक साथ श्रीमद् भागवत गीता का पाठ किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि एक साथ एक लाख लोगों के द्वारा गीता पाठ से सहस्त्र वर्षों की दिव्यता का अहसास हुआ है।

****

लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता और पद्मभूषण कड़िया मुंडा को सांस लेने में परेशानी के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने फोन कर उनकी सेहत की जानकारी ली। परिजनों के मुताबिक कड़िया मुंडा की तबीयत में पहले की अपेक्षा अब सुधार है। डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।

****

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों से निर्धारित समय पर परीक्षाएं आयोजित करने और उपाधियां तथा प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि इसमें देरी से विद्यार्थियों को अवसरों

का नुकसान होता है। उन्हें उपयुक्त तथा गुणवत्तापूर्ण रोज़गार पाने में बाधा आती है। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी शैक्षणिक कैलेंडर में निर्धारित समय पर परीक्षा देने और परिणाम प्राप्त करने के हकदार हैं। आयोग ने कहा कि विद्यार्थी परिणाम घोषित होने के 180 दिनों के भीतर डिग्री प्राप्त करने के भी हकदार हैं। यह भी कहा गया है कि नियमों का पालन न करने की स्थिति में आयोग दंडात्मक कार्रवाई करेगा।

****

आइआइएम रांची में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आज दूसरा दिन है। इसमें देश के 21 आइआइएम के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस कांफ्रेंस में 13 अलग–अलग एक हजार से ज्यादा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में भाग ले रहे आइआइएम प्रतिनिधियों ने बताया कि इसमें विकसित भारत में आइआइएम की भूमिका पर चर्चा हो रही है।

****

घरेलू शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। ताजा समाचार मिलने तक सेंसेक्स 152 अंक बढ़कर 85 हज़ार 873 पर और निफ्टी 34 अंक बढ़कर 26 हज़ार 250 पर पहुंच गया।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 18 हजार 400 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी एक लाख 70 हजार रूपये प्रतिकिलो है।

****

लोहरदगा जिले मे पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्र में सेवा का अधिकार सप्ताह का सफल आयोजन किया जा रहा है।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। इस कड़ी में आज हम अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से स्टेशनरी क्षेत्र को मिलने वाले प्रोत्साहन की जानकारी दे रहे है। एक रिपोर्ट –

****

रांची के बेड़ो स्थित एक ज्वेलरी दुकान में अज्ञात अपराधियों ने धावा बोलकर लाखों रुपए के जेवरात और नकद लूट लिए। घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने दुकान की सुरक्षा में तैनात नाइट गार्ड को बंधक बना लिया। बताया जाता है कि अपराधी दुकान के पीछे से शटर तोड़कर अंदर दाखिल हुए। आज सवेरे स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

*******समाप्त*************